प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 19.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की जारी, 9 करोड़ किसानों को 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की मिली सहायता, राज्य के किसानों में आर्थिक मदद को लेकर उत्साह।
- राज्यपाल–सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में छात्राओं को उपाधि की प्रदान, कहा– बेटियों की शिक्षा विकसित भारत के संकल्प को देती है मजबूत आधार।
- धनबाद विधायक राज सिन्हा वर्ष 2025 के लिए चुने गए उत्कृष्ट विधायक, स्थापना दिवस समारोह में छह उत्कृष्ट कर्मचारियों समेत किए जाएँगे सम्मानित।
- चाईबासा में प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्र ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अभियान की समीक्षा की, टीमवर्क और पेशेवर ढंग से ऑपरेशन चलाने से सफलता का जताया भरोसा।
- राजधानी रांची समेत कई जिलों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि से मिली ठंड में हल्की राहत, मौसम विभाग ने सुबह–शाम कुहासा छाने की दी चेतावनी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तमिलनाडु के कोयम्बटूर में पीएम किसान योजना के अंतर्गत 21वीं किस्त जारी की। देशभर में 9 करोड किसानों की सहायता के लिए 18 हजार करोड रुपये से अधिक की राशि जारी की गई। प्रधानमंत्री ने कोयम्बटूर में दक्षिण भारतीय प्राकृतिक खेती सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्राकृतिक खेती के मामले में वैश्विक केंद्र बन गया है और इसकी जैव विविधता नया आकार धारण कर रही है।

****

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी होने के बाद कोडरमा जिले के किसानों में उत्साह देखा जा रहा है और उन्होंने इसे खेती–बारी में बड़ी आर्थिक सहायता बताया। महिला किसानों ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मिलने वाला यह सहयोग कृषि कार्य को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

****

आयुष्मान भारत योजना के तहत रांची के सदर अस्पताल में मरीजों को कई तरह की इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

राज्यपाल–सह–झारखंड विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने आज जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है और झारखंड की प्रतिभाशाली बेटियाँ विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगी।

****

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ नाथ महतो की अध्यक्षता में आज उत्कृष्ट विधायक चयन समिति की बैठक हुई। इस बैठक में धनबाद के विधायक राज सिंहा को वर्ष 2025 के लिए उत्कृष्ट विधायक के रूप में चुना गया। समिति ने छह विधानसभा कर्मियों को भी उत्कृष्ट कर्मचारी के रूप में चयनित किया। 22 नवंबर को होने वाले स्थापना दिवस समारोह में उत्कृष्ट विधायक को राज्यपाल और उत्कृष्ट कर्मियों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर कम करने के साथ ही 22 सितम्बर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू हुआ। इससे देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज हम बात करते हैं कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार केरल की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

****

भारत का 56वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कल से गोवा के पणजी में शुरू हो रहा है। 81 देशों की 240 फिल्मों के इस शानदार सिनेमाई उत्सव का आयोजन 28 नवंबर तक चलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस वर्ष का फिल्म महोत्सव अपनी पारंपरिक प्रतिष्ठा को आगे ले जाते हुए कई विशिष्ट आयोजनों का साक्षी बनेगा।

****

चाईबासा में आज राज्य की प्रभारी पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने नक्सल प्रभावित पश्चिमी सिंहभूम जिले का दौरा किया। उन्होंने जिला मुख्यालय में जिला पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की। मौके पर डीजीपी ने कहा कि पेशेवर ढंग से और टीमवर्क के साथ काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

****

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में पिछले चार–पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे ठंड में हल्की राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में लगभग दो डिग्री की वृद्धि की संभावना जताई है और रांची और आसपास के इलाकों में सुबह–शाम कुहासा छाने की चेतावनी दी है।

********समाप्त*********